
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सेक्स सीडी मामले में बघेल, वर्मा सहित अन्य आरोपी ...



13 मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मोक्ष का मार्ग खोलती है ...



## खबर संक्षेप

### मानपुर दिनभर लगा रहा श्रद्धालुओं का रेला

**बेमेतरा।** शहर के वार्ड नंबर 2 मानपुर में श्री शिव मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से महाशिवरात्रि मेला और रामायण एवं मानस उत्सव समारोह रखा गया था। यह आयोजन 38 वर्षों से किया जा रहा है। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई थी। लोग कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने पर शिव जी पर पुष्प और जल दूध दही चढ़ाकर इस महाशिवरात्रि पर्व पर अपनी श्रद्धा भक्ति दिखाई। शाम को पंडित दीपक पांडे ने शिवजी की पूजा अर्चना की। वहीं, सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण कराया गया। पंडित जी ने बताया कि महाशिवरात्रि पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। मनचाहा वरदान भक्तों को देते हैं। शिव के प्रिय वस्तुओं में आस्था भक्ति के साथ पूजन करने का खास महत्व होता है। इस अवसर पर रामप्रसाद वर्मा, टेमचंद वर्मा, श्रीराम वर्मा, कौशल वर्मा, राजेश वर्मा, नेमसिंह वर्मा, मिथलेश वर्मा, अजय वर्मा, तुषार सिन्हा, चंद्र प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, निकेश वर्मा समिति सदस्य सहित एवं आमजन शामिल हुए।

### राष्ट्र प्रथम भाव जन जागरण कार्यक्रम 2 मार्च को

**गुरूर।** राष्ट्र प्रथम भाव जन जागरण के लिए 2 मार्च को शाम 4 बजे रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में राष्ट्र ध्वज रक्षक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का उद्बोधन छत्तीसगढ़ के सभी समाजों को प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विकासखण्ड से भी बड़ी संख्या में राष्ट्रप्रेमी पहुंचेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र प्रथम के प्रति जन जागरण है। राष्ट्र प्रथम द्वारा आयोजित एवं तुषार शाह द्वारा संयोजित इस राष्ट्र गौरव जन जागरण कार्यक्रम के सामाजिक निवेदक प्रान्त अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ प्रोफेसर डॉ संजीव ने सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अब जातिवाद, भाषावाद, प्रान्तवाद, क्षेत्रवाद, छुआ छूत की भावना को त्याग कर समाज समन्वय करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सनातन हिन्दू होना पर्याप्त है। किस जाति का है इसका सनातन समाज में कोई विशेष महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि सनातन में कर्म के आधार पर व्यवस्था की गई है।

### शराब पीने के लिए रुपए की डिमांड नहीं देने पर मारपीट

**भिलाई।** नाबालिग से शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 327, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मार्च 2024 को नाबालिग परीक्षा दिलाने के लिये मुक्तिधाम हायर सेकेण्डरी स्कुल रामनगर गया था। परीक्षा दिलाकर नाबालिग दोस्त के साथ पैदल घर जा रहा था। इस दौरान गायत्री मंदिर के सामने स्वीपर बस्ती जलेबी चौक निवासी एस.रोहित अपने दो दोस्तों के साथ नाबालिग से शराब पीने रुपए का डिमांड किया। रुपए देने से इंकार करने पर नाबालिग के साथ लूटपाट कर गाली गलौज करना आरोपी ने शुरु कर दिया। इसके अलावा आरोपी नाबालिग को जान से मारने तक की धमकी दे डाली। परेशान नाबालिग तुरंत अपने घर चला गया। घटना में नाबालिग के सिर ,होठ में चोट आई थी। शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही।

### बाइक सवारों ने की मारपीट

**भिलाई।** मारपीट कर जेब से मोबाइल लेकर फरार होने वाले चार अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि अवतार सिंह नामक हाउसिंग बोर्ड से अपने घर लौट रहा था। मगध तैलिक भवन के पास पहुंचा ही था।

**पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई महाशिवरात्रि**

# शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय, भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय के मंत्र के साथ पूजा अर्चना कर शिवजी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कई शिव मंदिरों में जहां अखंड पाठ का आयोजन किया गया, वहीं विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिले के पिकरी वार्ड समेत कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन हुआ। जहां पर रात में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिव मंदिरों में लगनी शुरू हो गई थी।

### शिव जी की निकाली गई बारात

मां भद्रकाली मंदिर से भगवान शंकर की बारात धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ निकली। बारात नगर के नवीन बाजार, गौरव पथ, गस्ती चौक, घड़ी चौक होते हुए प्रताप चौक से बिजली ऑफिस शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिव बारात का भव्य स्वागत किया।

### शहर के वार्डों में हुई विशेष पूजा

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का अभिषेक किया। जलाभिषक के साथ ही दूध, दही सहित विभिन्न द्रव्यों से मंत्र के साथ अभिषेक किया गया। चंदन अक्षत फूल, फल एवं श्रीफल चढ़ाया। वहीं महिलाओं ने सिंगार सामग्री भी भेंट चढ़ाए। माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित भगवान शिव शंकर की रुद्राभिषेक हुआ। जिला मुख्यालय में स्थित नया बस स्टैंड, गौरव पथ, राधा कृष्ण मंदिर, श्री राम मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर सहित विभिन्न वार्डों में स्थित शिव मंदिरों में विशेष पूजा किया गया।



### ग्रामीण क्षेत्रों में लगा मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

महाशिवरात्रि के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित वार्ड नंबर 2 में मेले का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा जिले के ग्राम बहेरा, भेड़नी, मरका दही मही सहित अन्य स्थानों पर मेला का आयोजन किया गया। भक्तों ने दिनभर मेले का आनंद उठाया गया। इस मौके पर रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

### समृद्धि विहार फरी के समृद्धेश्वर महादेव मंदिर में हुआ हवन-पूजन



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के बेरला रोड पर स्थित समृद्धि विहार महादेव मंदिर आसपास के क्षेत्रों के लोगों की आस्था और आकर्षण का केंद्र है। शिव मंदिर भक्तों को समृद्धि प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समृद्धि विहार के मंदिर में रुद्राभिषेक, हवन-पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान सरोज राजेश मंगावा और रेखलाल गणिका देवी पांडे थीं। रुद्राभिषेक और हवन पूजन पंडित अभिषेक महाराज द्वारा कराया गया। सुबह से ही दर्शन और पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर बाद एलोन्स पब्लिक स्कूल के 200 से 300 बच्चों का समूह दर्शन के लिए आया। मन्दिर समिति के सदस्य विक्रम सोनी, दानेश तिवारी, डोमेंद्र पांडे, राजेश मंगावा, विजय शर्मा, दीपक साहू, अंकुश यादव, सोनू कुमार, शेष सोनी, पीतांबर झा, धर्मेंद्र देवांगन, प्रिंस सेन, मयंक, सूरज छाबड़ा, सौरभ तिवारी सहित कालोनीवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर दर्शन लाभ लिया।

### पुलिस कालोनी में की गई भोलेनाथ की महाआरती



**बेमेतरा।** पुलिस कालोनी में भगवान श्री भोलेनाथ की महाआरती, हवन-पूजन, भंडारा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवालय में महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, हर-हर महादेव का जयघोष करते रहे। सुबह से ही पुलिस कालोनी में पुलिस परिवार द्वारा विधि विधान से विभिन्न वैदिक मंत्रों के साथ विशेष पूजा अर्चना कर हवन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूर्णाहुति के बाद भंडारा/प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही भजन-कीर्तन किया गया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस परिवार के सभी महिला, पुरूष व बच्चों ने भी शामिल होकर भगवान श्री भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर कई कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा



**बेमेतरा।** नगर में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर रुद्राभिषेक, व पूजा-आरती कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री सिन्हा भद्रकाली मंदिर, शिव मंदिर पिकरी व संपादधाम सलधा में जहां दर्शन करने के पश्चात सिघौरी में स्वच्छता दीदियों द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस में सम्मिलित होकर नगरवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस पुनीत अवसर पर नगर के श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया और स्वच्छता एवं आध्यात्मिकता के इस संगम को नमन किया। इस दौरान सिन्हा ने हर-हर महादेव के जयकारा के साथ कहा कि धर्म और स्वच्छता दोनों ही हमारे समाज की आधारशिला हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती है, बल्कि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ती है। पूजन भजन हर घर स्वच्छ, हर मन पवित्र यही है शिव का आशीर्वाद है। नपा अध्यक्ष सिन्हा ने बताया कि मैं खुद धर्म अध्यात्म और सत्संग को मानता हूं। भगवान शिव देवाधिदेव महादेव है, जो निराकार के भी प्रतीक हैं। हमारे धर्म में सचराचर जीव जंतुओं के एकमात्र देवता हैं, जो त्रिकाल हैं। जहां शिव हैं वहीं शक्ति है, क्योंकि जब शव में शक्ति समाहित होती है, तब वह शिव हो जाता है। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद गौरव साहू, अरुण राठी, महेंद्र गुप्ता, रोशन दत्ता, नरेश साहू, ललित रजक, संदीप यादव सहित कार्यकर्ता और श्रद्धालु साथ रहे।

### चीजगांव में महाशिवरात्रि पर लगा मेला, उमड़ी भीड़

**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिला। भक्त मेला स्थल पर स्थित शिवालय में जल अर्पित कर मनोकामना की।

- सुबह भगवान शिव का अभिषक कर किया गया हवन-पूजन

सुबह शिव पूजन के बाद दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन का कार्यक्रम पंडित चेतन शर्मा के माध्यम से हुआ। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति का गठन भी किया गया था। सभी पदाधिकारियों ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। मेला में दुकान लगाने के लिए दुकानदार सुबह से ही जगह चिन्हांकित करने में लगे रहे। खासकर मेले में नारियल , मिठाई, कपड़े, मनिहारी, जूता-चप्पल, पान दुकाने, होटल, गुपचुप एवं विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई थी। पुराणों के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर



तप किया था। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिवजी ने उनसे विवाह किया। इसलिए इस दिन को शिव और भक्ति के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। महाशिवरात्रि का अर्थ है शिव की रात महाशिवरात्रि भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा प्रकट करने का एक विशेष अवसर माना जाता है।

**प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय में मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव**

# शिव ध्वजारोहण कर बताया शिवरात्रि का अध्यात्मिक रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ब्रह्माकुमारी में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। वहीं, डा.चेतना मिश्रा, मनीषा तिवारी, ज्योति सिंघानिया, रेणुका शर्मा, अवधेश पटेल ने शिव ध्वजारोहण कर शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया।

महाशिवरात्रि के महापर्व के साथ ही कई आध्यात्मिक रहस्यों का भी वर्णन किया। उसके बाद सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ किया। संस्था प्रभारी बी.के शशि दीदी व बी.के सुनीता दीदी ने कहा कि आज हम महाशिवरात्रि महोत्स्व मनाने जा रहे हैं। हम सब जानते हैं कि महाशिवरात्रि पर्व क्या संदेश देता है, हम सबके पिता कहे वो जो परमात्मा इस धरा पर आते हैं और उसकी यादगार के रूप में हम सब इस महान पर्व को मानते हैं तथा इस पर्व के बारे में विस्तार से भी उन्होंने जानकारी दी।



### मेडिटेशन से दूर हो जाते हैं चिंता व विकार

मुख्य अतिथि आशीष छाबड़ा ने महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि देवों के देव महादेव की कृपा हम सब पर बना रहे यही मैं कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि शशि दीदी को मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जिनके प्रयासों से इस संस्थान के कोई भी कार्यक्रम में आने से एक सकारात्मक भाव हमारे अंदर प्रकट होते हैं। उन्होंने कहा कि केवल 3 मिनट के मेडिटेशन से ऐसा लगा कि सब विकारों, चिंताओं से मुक्त एक नई दुनिया में प्रवेश कर लिया है। डा.चेतना मिश्रा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज इस आध्यात्मिक केंद्र के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। मनीषा तिवारी एवं ज्योति सिंघानिया और रेणुका शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने को सौभाग्य की बात कही। कार्यक्रम को अवधेश पटेल ने भी संबोधित किया।

### रिकवरी गुर्गों ने सिर फोड़ा

**भिलाई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के गुर्गों ने किश्त नहीं पटाने पर युवक के साथ मारपीट कर सिर फोडने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने तीन गुर्गों के खिलाफ पुलिस ने धार 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि फरीद नगर निजामी चौक निवासी फारुख सैय्यद सप्ताहिक बाजार मे कपडे का दुकान लगाता है। तीन माह पहले पूर्व तव्कल मोबाईल स्टोर सुपेला से एक आलमारी 12 हजार 500 रुपए और मोबाइल 12 हजार 500 रुपए का खरीदा था। जिसका 25 हजार रुपए का फायनेंस आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से कराया था। इसके लिए फारुख ने 6 हजार रुपए डाउन पेमेन्ट किया था। प्रतिमाह उसे बैंक को 2150 रुपए किश्त जमा करना था। तीन माह तक लगातार बैंक में किश्त नहीं पटाया था। माह फरवरी का किश्त आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण जमा नहीं कर पाया था।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### युवा समाजसेवी बसंत ने पीएम मोदी का किया स्वागत



**रायपुर।** छतरपुर मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर धाम में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह संस्थान देशभर के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने विशेष रूप से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, आशीष सोनी, जिवेश अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### सिविल जज के परिणाम चार साल बाद जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यवहार न्यायाधीश के 32 पदों के लिए 2020 में विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद लिखित परीक्षा के परिणाम 16 जून 2021 को जारी हुए। पद के 3 गुना अर्थात 96 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाना था। वर्ग-उप वर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धा के आधार पर 103 का चिन्हांकन किया गया। साक्षात्कार अगस्त 2021 में लिए गए। नियुक्ति नियम संबंधित मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण साक्षात्कार के परिणाम जारी नहीं किए जा सके। मामले पर फैसला आने के बाद पीएससी ने मंगलवार को अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। इस तरह से साक्षात्कार के लगभग चार वर्ष पश्चात पीएससी द्वारा अंतिम नतीजे जारी किए गए हैं।

### आनंद नगर में नवनिर्वाचित महापौर और पार्षद का सम्मान

**रायपुर।** आनंद नगर उद्यान में रविवार को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे, वार्ड नंबर-33 के पार्षद प्रदीप वर्मा तथा मदर टेरेसा वार्ड के पार्षद संतोष साहू का स्वागत, सम्मान एवं वार्ड के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी, भूतपूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा, सीमा संतोष साहू का आभार यूथ विंग आनंद नगर के सदस्यों एवं अन्य नागरिकों द्वारा किया गया। वार्ड के सभी तीन पूर्व पार्षदों ने बताया कि यह एक बड़ा सुखद संयोग है कि हम तीनों पार्षदों ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत इसी वार्ड से की थी। कार्यक्रम में कॉलोनी के नागरिकों में सुशील कुमार दुबे, गुरपाल शर्मा, आलोक तिवारी, विजय सूद, असद सिद्धिकी, विजय रज्जानी, दीपन्निता बोस, विकास श्रीवास्तव, प्रभात गुप्ता, संजय तिवारी, सीए मदन मोहन उपाध्याय, देवाशीष दासगुप्ता, शेखर महतो, किरण आदि उपस्थित रहे।

### महिला पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान

**रायपुर।** आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन हमशिरा ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में महिलाओं का नोट काम्पीटिशन किया गया, जिसमें 90 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। जज की भूमिका में बुशरा परवीन, आलिया बेगम, हजरत नजमा बेगम मौजूद रहीं। वहीं उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सैयद सलमा, शगुफ्ता शिरीन, नाहिदा कुरैशी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा जो भी इसमें हिस्सा लिए हैं, उनका भी हौसला बढ़ाने के लिए सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया तथा उनकी बेहतरीन प्रस्तुति के लिए दुआएं दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुमन ढेबर, प्रदेश अध्यक्ष अतिया बेगम और निखत खान रहीं।

### शुक्ल की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग द्वारा 27 फरवरी को अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती अवसर पर प्रातः 10 बजे गांधी-नेहरू उद्यान गौरव पथ फेस -1 के सामने स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जोन 4 के सहयोग से होने वाले इस कार्यक्रम में गणमान्य जन व विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

# एक छात्र के लिए आयोजित की एमएससी जियोलॉजी की परीक्षा, वो भी हो गया फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रों के खराब प्रदर्शन से जितना दुख उन्हें नहीं है, उससे कई गुना अधिक पीड़ा रविवि को हो रही है। कई कक्षा में एक-दो छात्र ही अटके हुए हैं। इनके लिए विश्वविद्यालय को बार-बार परीक्षा आयोजित करनी पड़ रही है। एक बार फिर इस तरह का मामला सामने आया है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। इसमें एमएससी जियोलॉजी भी शामिल रहा। एमएससी जियोलॉली पुराने पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर के मात्र एक विद्यार्थी के लिए रविवि द्वारा परीक्षा आयोजित की थी। यह एकलौता छात्र भी फेल हो गया। नियमतः रविवि को उक्त छात्र के लिए परीक्षा तब तक आयोजित करनी पड़ेगी जब तक वह अनुत्तीर्ण नहीं हो जाता अथवा स्वयं ही परीक्षा फॉर्म नहीं भरता है।

रविवि ने उक्त छात्र को एटीकेटी श्रेणी में रखा है। एकलौते विद्यार्थी के लिए रविवि को पुनः समय-सारिणी जारी करनी पड़ेगी तथा विषय विशेषज्ञों से प्रश्नपत्र भी सेट करवाने होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थी से लिए जाने वाले परीक्षा शुल्क से कई गुना अधिक खर्च विवि प्रबंधन को करना होता है। ना केवल इस विषय में बल्कि कई अन्य ऐसे सब्जेक्ट हैं, जिसमें फेल हो रहे एक-दो विद्यार्थियों के लिए रविवि को परीक्षाएं आयोजित करनी पड़ती है।

## बीबीए पंचम सेमेस्टर के परिणाम रहे 67.21%, 677 छात्रों ने दिलाई थी परीक्षा

### जंतुशास्त्र के परिणाम बेहतर

रविवि द्वारा मंगलवार को जिन पांच कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं, उनमें सर्वाधिक अच्छे नतीजे जंतुशास्त्र के रहे हैं। एमएससी जंतुशास्त्र प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 412 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 380 अर्थात 92.23% विद्यार्थी सफल रहे। एमएससी जंतुशास्त्र पुराने पाठ्यक्रम की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 26 विद्यार्थियों में से 18 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बीबीए पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में सर्वाधिक विद्यार्थी शामिल हुए। 677 में से 455 सफल रहे। 62 को अनुत्तीर्ण तथा 160 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 67.21% रहा। एमएससी जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर में 15 में से 14 छात्र उत्तीर्ण रहे। सभी परिणाम रविवि ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।



### मूल्यांकन अंतिम चरण में

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुई थी। इसके साथ ही रविवि ने मूल्यांकन कार्य भी प्रारंभ कर दिए थे। केंद्रीकृत मूल्यांकन होने के कारण उत्तरपुस्तिकाएं तेजी के साथ जांची जा रही हैं। रविवि प्रबंधन के मुताबिक, मार्च के प्रथम पखवाड़े में सभी सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम संभावित हैं। मार्च के प्रथम सप्ताह से ही रविवि की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं।

## पूर्व मंत्री मूणत के कथित सीडी मामले में नहीं हो सकी बहस

# सेक्स सीडी मामले में बघेल, वर्मा सहित अन्य आरोपी हुए कोर्ट में पेश, सुनवाई अब 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत की कथित सेक्स सीडी मामले में अभियुक्त बनाए गए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके सलाहकार रहे विनोद वर्मा, विजय पांड्या, विजय भाटिया तथा कैलाश मुरारका मंगलवार को रायपुर कोर्ट में पेश हुए। इससे पूर्व सभी अभियुक्तों को 24 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उनके वकील की ओर से नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सहित अन्य कारण से कोर्ट में नहीं आने की सूचना दी गई थी। इस कारण कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की तारीख आज तक के लिए बढ़ा दी थी। आज सभी अभियुक्त कोर्ट में पेश हुए, पर इस मामले में दोनों पक्षों के वकील की ओर से बहस नहीं हो पाई। कोर्ट ने इस मामले की आगामी सुनवाई अब 4 मार्च तय की है, जिसमें दोनों पक्षों के वकील बहस करेंगे।



### सीबीआई के पास एविडेंस, मुंबई में 95 हजार रुपए में बनी थी सीडी

कोर्ट में सुनवाई के बाद बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि कोर्ट में आज सीबीआई और कैलाश मुरारका और अन्य के विरुद्ध जांच पर बहस होनी थी। सीबीआई की ओर से वकील ने कोर्ट में तथ्य रख दिए हैं। इसके तहत सीबीआई की ओर से आरोप लगाए गए हैं कि वर्ष 2017 में बाम्बे में मानस साहू ने सीडी को मॉर्फ किया था। इसके लिए करीब 95 हजार रुपए का लेनदेन हुआ था। लेनदेन की राशि बैंक टू बैंक ट्रांसफर की गई थी। सीबीआई के मुताबिक उनके पास इस संबंध में इलेक्ट्रानिक उपकरण में एविडेंस भी हैं।

### 7 साल बाद मामले में हुई सुनवाई

पूर्व मंत्री राजेश मूणत का कथित सेक्स सीडी का मामला अक्टूबर 2017 में सामने आया था। इस मामले में सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे विनोद वर्मा के ठिकाने पर छापा मारकर भारी मात्रा में अश्लील सीडी बरामद की थी। इस मामले में भूपेश बघेल पर भी साजिश रचने का आरोप लगा था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार किया था। वे करीब दो दिन जेल में भी रहे थे।

### 2018 में सीबीआई ने की थी चार्जशीट पेश

इस केस में सीबीआई ने वर्ष 2018 में चार्जशीट पेश की थी। चार्टशीट पेश करने के बाद मामले में बहस इसलिए नहीं हो पा रही थी कि सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की जगह दिल्ली या अन्य दूसरे राज्य में इस केस को ट्रांसफर करने मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने इस मांग को अंततः खारिज कर दिया, जिसके बाद इस मामले की सुनवाई अब पुनः रायपुर में शुरू हुई है।

### एक आरोपी ने की थी खुदकुशी

कथित सीडी कांड में साजिश का खुलासा होने के बाद इस मामले से जुड़े श्याम नगर निवासी रिंकू खनूजा ने 6 जून 2018 को खुदकुशी कर ली। सीबीआई ने रिंकू की मौत के बाद उसे आरोपी बनाया था। सीबीआई की जांच में दावा किया गया था कि रिंकू खनूजा और विजय पांड्या ने सीडी बनवाई। सीडी कांड में सरकारी गवाह बने कारोबारी लवली खनूजा ने भी अपने बयान में सीबीआई को बताया है कि रिंकू ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया था।

# खड़ी बस से दूसरी भिड़ी, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल, एक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आमानाका क्षेत्र में टाटीबंध ओवरब्रिज के नीचे खड़ी बस से एक दूसरी यात्री बस जाकर भिड़ गई। इससे दोनों बस में सवार करीब दर्जनभर यात्री घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एम्स में दाखिल कराया है, जिनमें एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह महिला दोनों बस के बीच में फंस गई थी, जिससे उसकी गर्दन व सिर में गंभीर चोट आई है।

आमानाका थाना प्रभारी ने बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे की है। टाटीबंध ओवरब्रिज के नीचे साइड रोड पर एक यात्री बस पहले ही खड़ी थी। उसमें कुछ यात्री बैठे हुए थे। इसी दौरान पीछे से दूसरी बस तेज रफ्तार से आ रही थी, जो सीधे खड़ी बस से जा टकराई। इस टक्कर में बस में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला भी शामिल है, जो खड़ी बस के पीछे खड़ी हुई थी। बताया जा रहा है, जैसे ही टक्कर हुई महिला दोनों बस के बीच फंस गई, जिससे उसकी गर्दन और सिर पर गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद सभी घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है, जिनमें महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।



### दोनों बस चालकों के खिलाफ एफआईआर

पुलिस के अनुसार इस हादसे के लिए दोनों बसों के चालक जिम्मेदार हैं। जिस जगह पर बस को खड़ी किया गया था, वह ना ही स्टॉपेज है और न ही पार्किंग की जगह। इसके बाद भी चालक ने बस को रोड पर खड़ी किया था, वहीं दूसरी बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दूसरी बस को टक्कर मारी है। इस तरह पुलिस ने इस मामले में दोनों बस के चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# रायपुर-बिलासपुर में बनेंगे छह महिला छात्रावास

- 80 रायपुर में तीन, बिलासपुर में दो और नया रायपुर में बनेगा एक छात्रावास
- मुख्यमंत्री साय ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो सबसे बड़े शहरों रायपुर और बिलासपुर में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षित एवं सस्ते आवास की बड़ी जरूरत जल्द पूरी होगी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने राज्यों के लिए विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर और नया रायपुर में छह कामकाजी महिला छात्रावासों के लिए 202 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से रायपुर नगर निगम द्वारा तेलीबांधा और टाटीबंध में 250-250 सीटर तथा भैंसथान में 223 सीटर महिला छात्रावास बनाए जाएंगे। वहीं बिलासपुर के तिफरा और सिरगिट्टी में सीएसआईडीसी द्वारा 224-224 सीटर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर में एक हजार सीटर छात्रावास बनाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित एवं सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को हासिल करने राज्य शासन ने वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया था।

# पंचायत चुनाव पूरा, आचार संहिता खत्म, आयुक्त ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ त्रि स्तरीय पंचायत संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदान और मतगणना का काम पूरा होने के साथ ये चुनाव समाप्त हो गए हैं। इसके साथ ही इन चुनावों के लिए लागू आचार संहिता भी समाप्त हो गई है। इससे पहले नगरीय निकाय चुनाव पूरे होने के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता पहले ही खत्म हो चुकी है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया था। 15 फ़रवरी 2025 को नगरीय निकायों के निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता उसी दिन 15 फ़रवरी को समाप्त घोषित की गई थी । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार 25 फ़रवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायतों के परिणामों की घोषणा के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लागू आचार संहिता भी समाप्त घोषित कर दी गई है।

### माना आभार

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्रदेश के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के मतदाताओं, सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों एवं जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन से जुड़े सभी लोगों को सफलतापूर्वक निर्वाचन कराने के लिये आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को राजधानी के बूढ़ापारा स्थित सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दोपहर 3 बजे आयोजित है।

समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस मौके पर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।



शपथग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदलपुर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरू खुशवंत साहेब और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

### स्वच्छता फीडबैक देने आव्हान

**रायपुर।** नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देने का आव्हान किया है। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में केन्द्रीय टीम मार्च के प्रथम सप्ताह में राजधानी आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुये निगम प्रशासन ने सभी दस जोनों के जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित वार्डो में साफ-सफाई पर जोर देने निर्देशित किया है। मीनल चौबे ने महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# राजीव गांधी चौक को 3 मीटर किया चौड़ा लेफ्ट टर्न आसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के विभिन्न चौराहों से नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए सुव्यवस्थित करने का कार्य नगर निगम और ट्रैफिक महकमे के माध्यम से किया जा रहा है। नगर निगम जोन 4 के लोककर्म विभाग ने राजधानी के पुराना फायर ब्रिगेड चौक यानी राजीव गांधी चौक को करीब 3 मीटर चौड़ा कर लेफ्ट टर्न आसान कर दिया है। इससे शहरवासियों को अब इस मार्ग में सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। दरअसल, नगर निगम जोन 4 के राजीव गांधी चौक पर पुराने अनुपयोगी आइलैंड को जनसुविधा की दृष्टि से हटा दिया गया है। इससे राजीव गांधी चौक के बांये मोड़ की ओर यातायात काफी सुगम हो गया है। पहले यहां नागरिकों को अधिकतर ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता था, पर अब ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अलग-अलग जोन में यातायात सुगम बनाने कार्य किया जा रहा है।

## 35 पालिकाओं और 84 नगर पंचायतों में भी भाजपा को बहुमत

# सभी निगमों में भाजपा के सभापति बनने तय, सभी पालिकाओं, नगर पंचायतों में लड़ेंगे उपाध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकायों में अब सभापति और उपाध्यक्षों के चुनाव को लेकर घमासान प्रारंभ होने वाला है। सभी नगर निगमों में भाजपा के महापौर जीते हैं, इसी के साथ सभी में भाजपा को स्पष्ट बहुमत भी मिला है। ऐसे में सभी निगमों में भाजपा के सभापति बनने तय हैं। जहां तक नगर पालिकाओं का सवाल है, तो 49 नगर पालिकाओं में भाजपा के 35 में अध्यक्ष बने हैं और इन सभी में भी भाजपा का बहुमत है। इसी तरह से 114 नगर पंचायतों में से 81 में भाजपा के अध्यक्ष बने हैं, लेकिन 84 नगर पंचायतों में भाजपा को बहुमत हैं, इसलिए इन सभी में भाजपा के उपाध्यक्ष बन जाएंगे।




इसी के साथ भाजपा ने तय किया है, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों में भाजपा के प्रत्याशी उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे। सभी निकायों में भाजपा के पर्यवेक्षक जाकर रायशुमारी करके नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को एक मार्च तक देंगे। इसके बाद भाजपा अपने प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के मुताबिक नगरीय निकाय चुनाव में इस बार भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। तीनों निकायों के कुल 3200 में से 1868 पार्षद भाजपा के जीते हैं। 952 कांग्रेस और 380 निर्दलीय जीते हैं। इनमें से नगर निगमों में 542 में से 381 पार्षद भाजपा और 118 कांग्रेस, 43 निर्दलीय जीते हैं। इसी तरह से नगर पालिकाओं में 959 में से 549 भाजपा, 300 कांग्रेस और 110 निर्दलीय जीते हैं। नगर पंचायतों में 1709 में से भाजपा ने 948, कांग्रेस ने 534 और निर्दलीय 227 जीते हैं। महापौर और अध्यक्ष के 173 पदों में से भाजपा ने 126 जीते हैं।

### सभी में लड़ेंगे हमारे उपाध्यक्ष

भाजपा के सभी दस नगर निगमों में सभापति बनने तय हैं, क्योंकि सभी में भाजपा के पास बहुमत है। इसी के साथ भाजपा ने तय किया है, भाजपा सभी 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के पदों के लिए अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी का कहना है, 35 पालिकाओं के साथ 84 नगर पंचायतों में तो भाजपा के उपाध्यक्ष बनने तय हैं, लेकिन हम सभी में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे, जहां पर निर्दलीय जीते हैं, उनका साथ लेकर ज्यादा से ज्यादा पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के पद जीतने का प्रयास रहेगा।

## खबर संक्षेप



### झलमला हाई स्कूल में निकला सांप, जागेश्वर ने रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा

**बालोद।** महाशिवरात्रि के एक दिन पहले ग्राम झलमला के हाई स्कूल में मंगलवार को सांप निकलने से सांप देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। एक ओर जहां सांप को देखकर कई बच्चे डर रहे थे, तो वहीं कई ग्रामीण व बच्चे एक दिन बाद होने वाले शिवरात्रि को देखते हुए भगवान द्वारा दिये गए दर्शन के रूप में इसे देखने पहुंच रहे थे। ग्रामीणों ने सांप को नुकसान न पहुंचाकर हुए उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने तथा उसे सुरक्षित पकड़ने के लिए बालोद के स्नेक कैचर जागेश्वर ढीमर को जानकारी दी। उसके बाद जागेश्वर ढीमर ने स्कूल पहुंचकर सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया।

### नकली पैर वाले दिव्यांग युवक से लाखों का गांजा जब्त, गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का तस्करी करते पुलिस ने एक दिव्यांग युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर का नकली पैर लगाकर कारोबार किया करता था। घटना का खुलासा करते हुए सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि एसीसीयू व पदमनाभपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अज्ञात युवक को जयपुर का नकली पैर लगाए दुर्ग बस स्टैण्ड में एमपी जाने का इंतजार कर रहा था। युवक के पास 2 कपडे का बैग रखा था। जिसमें कुछ आपत्तिजनक सामान रखने की जानकारी मिली। विशेष टीम ने बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय दुर्ग में घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम बगडोना बस्ती, थाना सारनी, तहसील घोराडोंगरी, जिला बैतुल, मध्य प्रदेश निवासी धीरज वर्मा बताया है। उसके पास से पुलिस ने दोनो बैग से 2-2 किग्रा. का 6 नग पैकेट में गांजा जब्त किया गया। जिसका वजन 12 कि.ग्रा. के करीब है। आरोपी युवक गांजा को उड़िसा खरियार रोड से बेचने के लिए जिला बैतूल मध्य प्रदेश लेकर जा रहा था। इस दौरान आरोपी की बहन उसके साथ मिलकर गांजा का पुड़िया बनाकर बेचने के लिए ले जाना स्वीकार किया। आरोपी का एक पैर से विकलांग है और जयपुर से नकली पैर चलने फिरने के लिए लगाया करता है। उड़िसा खरियार रोड से बस से दुर्ग बस स्टैण्ड पहुंचा था। यहां बस पकड़कर मध्य प्रदेश जाने की तैयारी में था।

## निधन

### टोमन साहू



**जामगांव आर।** नगर के बाजार रोड निवासी फल व्यावसाई टोमन साहू 32 वर्ष का निधन हो गया। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे बेनीराम बिंदाबाई साहू के पुत्र, पूर्णिमा साहू के पति तथा राहुल कुमार के पिता थे।







## महाशिवरात्रि पर शहर में निकाली भोलेनाथ की बारात

**बालोद।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली गई। डीजे व बाजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई। जहां शोभायात्रा के पीछे शहर की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शहर का भ्रमण किया। शहर के आयोजक समिति द्वारा बाबा भोलेनाथ की बारात में नागपुर से टीम आई थी, संजय नगर से बारात निकाली गई, जो शहर के मुख्य चौराहों से गुजरते हुए पुनः संजय नगर के दशहर तालाब जाकर समाप्त हुई। इस दौरान नागपुर से आई टीम द्वारा भगवान शंकर की वेशभूषा में भगवान भोलेनाथ के बारात की झांकी का प्रदर्शन किया, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

### काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में कथावाचक ने बताई श्रीमद् भागवत कथा की महिमा

# मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मोक्ष का मार्ग खोलती है श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्रीमद् भागवत की कथा जीवन में विर्सजन की कला सिखाती है। भागवत की कथा मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मोक्ष का मार्ग खोलती है। भागवत की कथा मरने की कला, मृत्यु को उत्सव बनाने की कला है। जीव मृत्यु के इस शास्वत सत्य को स्वीकार कर लेगा, तब उसके जीवन में आनंद भर जाएगा। उक्त बातें काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ से पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि क्रूर व्यक्ति कभी भगवान को नहीं बुला सकते, भगवान को बुलाने के लिए अक्रूर बनना होगा। उन्होंने नंद बाबा के प्रसंग के दौरान कहा कि नंद बाबा ने जगत को बताया कि प्रधान की जिम्मेदारी है कि साथ रहने वाले, आश्रय में रहने वालों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि माता का प्रेम, माता का आशीष जीव को सफल, शक्तिवान बनाता है। पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा कि भगवान हमेशा भक्त से मान, मर्यादा, धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होता है। धर्म अलौकिक है। धर्म असीमित है। धर्म शाश्वत है, वह कभी खत्म नहीं होगा, कभी मिटता नहीं। जाति, पंथ, संप्रदाय, वर्ण की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन यह सब धर्म में समाहित हैं।

#### कथा विश्राम आज

भागवत कथा के दौरान वामन अवतार भगवान, कृष्ण की बाल लीलाओं एवं रास लीलाओं की कथा में भक्त खूब झूमे। नन्हें बच्चों ने कथा प्रसंग के अनुरूप झांकी प्रस्तुत कर कथा को जीवंत कराया। कथा को विश्राम आज गुरूवार को दिया जाएगा। मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में पितरों, कुल देवी की प्रसन्नता के लिए भागवत कथा के दौरान भगवान विष्णु का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है।







#### सिवनी में शुरू हुई मानस गान प्रतियोगिता





**बालोद।** ग्राम सिवनी में जय माँ शीतला आयोजक समिति द्वारा दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया हुआ। जहां नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू और जनपद सदस्य दुष्यंत साहू पहुंचे।

#### भगवान किसी को मारते नहीं, उनका उद्धार करते हैं

व्यास पीठ ने कहा कि भगवान को हर पल सच्चे हृदय से स्मरण करते रहना चाहिए। भगवान को विश्वास, आस्था, समर्पण भाव से स्मरण करते रहना चाहिए। भक्त के हृदय में जब भक्ति अपने उच्च समर्पण भाव पर पहुंच जाता है, तब भगवान को भक्त की पुकार सुननी ही पड़ती है। उन्हें आना ही पड़ता है, जब सच्चे भक्त के जीवन में सहजता, माधुर्यता, सौंदर्यता, मुस्कान गायब होने लगती है, तब भगवान उसमें सुर माधुर्य, सौंदर्य बिखरने का कार्य करते हैं। उन्होंने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान किसी को मारते नहीं, उनका उद्धार करते हैं। उन्होंने कहा कि कामना, लालसा, मन को भटकाती है, ऐसे भाव भगवान के प्रति आत्मीय प्रेम में बाधा पहुंचाते हैं। कामना भगवान को पाने की करें, लालसा भगवान के श्री चरणों में स्थान की करें, जीवन का कल्याण हो जाएगा।

### बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में की गई पूजा-अर्चना



**बालोद।** शहर के बुढ़ापारा स्थित बुढेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था। जहां आस पास के लोगों द्वारा विभिन्न आयोजन मंदिर परिसर में किया गया था।

### हीरापुर में हुआ भंडारा



**बालोद।** ग्राम हीरापुर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था, जहां ग्रामीण बड़ी संख्या में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे। जहां ग्रामीण ननकू साहू व उनके परिवार के द्वारा मंदिर परिसर में भण्डारे का आयोजन किया गया था।

### गंगा मईया मंदिर झलमला में की गई भगवान पशुपतिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा



**बालोद।** गंगा मईया मंदिर झलमला में महाशिवरात्रि पर भगवान पशुपतिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भगवान पशुपतिनाथ की मूर्ति के स्थापना के साथ गंगा मईया मंदिर के गुफा के सामने शिवलिंग और नंदी की स्थापना भी की गई है। यह आयोजन वृंदावन के आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री और सहयोगी पंडितों द्वारा विधि–विधान से किया गया। बुधवार की सुबह 11 बजे प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद मंदिर आम भक्तों के लिए पूजा–पाठ, जलाभिषेक और दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भक्तों को हलवा–पूड़ी का भोग प्रसाद वितरण भी किया गया।

### फागुनदाह में आदिवासी समाज ने निकाली शोभायात्रा



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में आदिवासी समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकाली गई। बालिकाओं ने भजन एवं बूढ़ादेव की भक्ति संगीत पर आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। शोभायात्रा शिवालय में पहुंचकर समाप्त हुई। शिवालय में दिनभर पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न हुए।



## रेंगाकठेरा में सरपंच रामेश व पंचों ने निकाली आभार रैली





**बालोद।** त्रिस्तरीय चुनाव मे गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में सरपंच पद पर रामेश यादव एवं पंच पद में रोशन साहू, देवीलाल यादव, राजेंद्र कुम्भकार, रेखा कुम्भकार ने जीत हासिल की।

ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा नवनिर्वाचित सरपंच रामेश यादव 35 वर्ष के युवा है तथा उनके विपक्ष में 4 अन्य लोग सरपंच पद पर खड़े थे, जिसमें उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 64 वोट से हराकर चुनाव में जीत हासिल की है। उनकी जीत के बाद उनके ग्रामीण समर्थक कार्यकर्ता व नेताओं द्वारा नतीजा सामने आते ही रंग गुलाल व फूलों की हार से उनका अभिनंदन कर जश्न मनाया। बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी की गई। एक दिन बाद ग्राम में आभार रैली निकाली गई। रामेश यादव ने कहा कि वे ग्राम की प्रमुख समस्या नल जल योजना, आवास योजना व ग्राम के भविष्य बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रमुखता से कार्य करुंगा।

## खेलो इंडिया ट्रायल में जिले की बेटियों ने दिखाया अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में बालोद जिला के बेटियों ने अपना हुनर दिखाया। दुर्ग में आयोजित ताइक्वांडो सिटी लीग में बालोद जिला के ग्रामीण अंचल खुरसुनी के तीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें गोमती ने कांस्य पदक, योगेश्वरी ने कांस्य पदक तथा भानेश्वरी ने शानदार प्रदर्शन किया।

जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव त्रैमेश्वर साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे प्रदेश में विभिन्न खेल के सरकार से मान्यता प्राप्त संघों द्वारा खेलों इंडिया ट्रायल सलेक्शन भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन के लिए किया जा रहा है। सरकार द्वारा बालिकाओं को खेल में रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के संरक्षक किशोर नाथ योगी (एक्स आमएँ ) अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू, शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया।

## सीईओ ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया निर्वाचन प्रमाण पत्र

जिले के सात निर्वाचित जिंप सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के 07 जिला पंचायत क्षेत्र के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। मतदान एवं मतगणना 23 फरवरी को संपन्न हुआ था, जिसका सारणीकरण जिला पंचायत सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों, अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 के नवनिर्वाचित सदस्य कांति सोनेश्वरी एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 के नवनिर्वाचित सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 के नवनिर्वाचित सदस्य तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 के नवनिर्वाचित सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 के नवनिर्वाचित सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 के नवनिर्वाचित सदस्य चंद्रिका यशवंत गंजीर, जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 के नवनिर्वाचित सदस्य तेजराम साहू को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## परीक्षा के दिनों में भरपूर नींद लें, तनाव से दूर रहें

**बालोद।** परीक्षा के पूर्व छात्रों में परीक्षा का भय दूर करने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए एडवायजरी जारी की है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी के अनुसार परीक्षा 01 मार्च से प्रारंभ हो रही है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी डीपी कोसरे ने बताया कि जिले में कक्षा 12वीं के 8463 विद्यार्थी एवं कक्षा 10वीं के 11220 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा संचालन के लिए जिले में कुल 111 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के पूर्व एवं परीक्षा कक्ष में बच्चों को कुछ बातों का आवश्यक रुप से ख्याल रखना चाहिए। जिससे परीक्षा के पूर्व बच्चे भयमुक्त रहें। परीक्षा देते समय तनाव से दूर रहें एवं परीक्षा के दिनों में भरपूर नींद लें। बच्चे अपनी दिनचर्या में संतुलित आहार का पालन करें। परीक्षा के पूर्व माता पिता एवं विषय शिक्षक के साथ बात करें।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नेवारिकला में शिव विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालू

**लाटाबोड़।** ग्राम नेवारिकला में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन देवी गीतांजलि शर्मा ने सृष्टि का वर्णन किया। इसके साथ ही कपिल देवहुति चरित्र एवं सती चरित्र का वर्णन किया। वहीं, शिव विवाह के साथ कथा का विश्राम किया। विवाह प्रसंग के अवसर पर सभी ग्रामीण आनंद में झूमने लगे।

### आगजनी पीड़ित के घर पहुंचीं नपा अध्यक्ष प्रतिभा



**बालोद।** नयापारा बालोद में हुई आगजनी घटना की जानकारी लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी पीड़ित हरकू साहू के निवास पहुंचीं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बालोद शहर के वार्ड नंबर 3 में हरकू राम साहू के निवास में अचानक शाम को आग लग गई। आग लगने के बाद गैस सिलेंडर फट गया था। इसकी जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने परिवारिक जनों से मुलाकात कर उन्हें संबल प्रदान किया। उसके बाद अस्पताल पहुँचकर घटना में घायल हुए परिवारजनों से मिलकर हालचाल जाना, अस्पताल में डॉक्टर से मुलाकात कर इलाज के बारे में जानकार ली। इस दौरान पार्षद राजू पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष पंकज आहूजा, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय बाफना, संतोष चौधरी, संतोष शर्मा, धीरूभाई पटेल, आशीष शर्मा, वार्ड पार्षद चंद्रहास साहू, अजय साहू उपस्थित थे।

### ग्राम ओरमा में वाटर लेवल डाउन, बोर में 30 फीट अतिरिक्त पाइप डाली गई



**बालोद।** शपथ ग्रहण से पहले ग्राम पंचायत ओरमा की नवनिर्वाचित सरपंच मंजूलता परस साहू ने आश्रित ग्राम मेढकी में पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए वाटर लेवल डाउन होने के कारण 30 फीट अतिरिक्त पाइप डालकर नीचे उतारा गया। मेढ़की के ग्रामीण लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। उक्त अवसर पर सरपंच मंजूलता परस साहू, पंच शिवभजन यादव, गुणवंत लाल श्रीवास्तव, बबला देवेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक गिरधारी लाल साहू, तेजराम यादव, अभिजीत श्रीवास्तव, भेश कुमार साहू, पंप ऑपरेटर कमलेश साहू उपस्थित थे।

### सीसी चर्च में चोरी का प्रयास, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित सीसी चर्च में चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331(3)के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## अव्यवस्था : थान खम्हरिया में जिम्मेदारों की अनदेखी से बिगड़ी यातायात

# अतिक्रमण से संकरी हुईं सड़कें, बेतरतीब पार्किंग के कारण पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया



नगर के घरों और दुकानों के चबूतरों से सड़कों पर अतिक्रमण के कारण दिन भर ट्रैफिक जाम से नागरिक हलाकान हो रहे हैं। अतिक्रमण हटाने निकाय व प्रशासनिक अफ़सरों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अतिक्रमण से नगर की व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। वहीं, दूसरी ओर सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है।

एक तरफ सड़कें सिकुड़ कर आधी रह गई है। इससे कई सड़कों पर वाहन चलाना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। अधिकतर सड़कों पर लोगों ने अपने भवन और दुकान सड़क तक बढाकर बना रखा है। नालियां बंद हैं, दुकानों की सीढ़ियां सड़क तक बनी हैं। ऊपर से सड़क किनारे फल, चाट की दुकानें भी सड़क पर लगाने के कारण समस्याएं और ज्यादा बढ़ रही हैं। यह हालत केवल एक दो सड़कों की नहीं, बल्कि हर सड़क का यही हाल है।

### सामान रखकर सड़क पर कब्जा

नगर के बाजार में दुकानदारों ने अब सड़क पर भी कब्जा कर लिया है। सड़क पर वाहनों और पब्लिक के निकलने के लिए मुश्किल से 4 से 5 फीट की चौड़ाई बची है। यहां प्रशासनिक अधिकारियों के नाक के नीचे सड़कों पर कब्जा हो गया है। अतिक्रमणकारी नगर की सूरत को बिगाड़ रहे हैं। शासन प्रशासन व नगर पंचायत को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### संकरी सड़कों पर दौड़ रही है मौत

थान खम्हरिया नगर की संकरी सड़कों पर मौत के रूप में वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं। इन बाइक व बसों की रफ्तार कम करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। वाहनों की गति पर अंकुश लगाने सड़कों पर कोई मापदंड नहीं है। बस व बाइक चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए तेज गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। कहीं सड़कों पर वाहनों की गति पर अंकुश नहीं होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वाहनों की गति पर अंकुश लगाने नगर में बस स्टैंड, भारत माता चौक, जयस्तंभ चौक, दौऊ चौरा, त्रिमूर्ति चौक कहीं पर स्टॉपर नहीं रखा गया है। खासकर बाइक चालक गति धीमी नहीं करने से बाइक तेज गति से वाहन निकलते हैं। युवा वर्ग काफी तेज रफ्तार से वाहन चला रहा है। बस की रफ्तार भी तेज नगर में घुसते ही रफ्तार भी काफी तेज हो जाती है। पैसेंजर लेने की प्रतिस्पर्धा के चलते बस बेहद तेज गति से सड़कों में चलाई जाती है। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन को इस संबंध में गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है।

### शपथ ग्रहण के बाद होगा सुधार

नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के बाद सड़कों की दशा व ट्रैफिक जाम की स्थिति को सुधारा जाएगा। उसके पहले भी हमें कोई शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

**यशवंत देवांगन,** सीएमओ नगर पंचायत, थान खम्हरिया

## नवनिर्वाचित पार्षद राजेश ने लागू की दाई-दीदी सम्मान योजना की महिलाओं को दी नकद राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नगरीय निकाय चुनाव के बाद दाई-दीदी सम्मान योजना को नगर पंचायत बेरला के वार्ड 14 के नवनिर्वाचित पार्षद राजेश दुबे ने लागू की। योजना के तहत वार्ड 14 के 10 राशन कार्ड धारी महिलाओं को 500 रूपए नकद लॉटरी निकालकर दिया।

यह योजना पूरे 5 साल के लिए लागू की गई है। इस योजना में राधा बाई यादव, जामिन बाई यादव, गौतम बाई देवांगन, गंगा मंडावी, किरण साहू, निर्मला देवेंद्र साहू, छुन्नी बाई साहू, रुखसाना मुख्तार अली, नेम बाई यादव, कुलेश्वरी साहू को 500 रूपए नकद राशि दी गई। नकद राशि प्राप्त कर सभी 10 महिलाओं ने पार्षद का आभार व्यक्त कर योजना की तारीफ की। इस अवसर पर वार्ड 14 के समस्त राशन कॉर्ड धारी महिला और पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पीआर सिन्हा, सरजु राम यादव, ध्वजा राम ठाकुर, तुलसीराम सिन्हा, मंशा राम ठाकुर, माधव ठाकुर, प्रेम यादव, नरेश साहू, राजू धिवर, इंदल साहू, राम सहाय साहू, परेटन देवांगन, रवि यादव, कृष्लाल यादव, रूपेश साहू एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

### साईं की पालकी व कलश यात्रा आज



**देवकर।** नगर में साईं जन्मोत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर आज प्रातः गाँधी चौक स्थित साईं मंदिर से विधिवत पूजा पाठ कर आरती की जाएगी। वहीं, गाँधी चौक से भव्य कलश यात्रा के साथ साईं की पालकी निकाली जाएगी। नगर में भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर पहुंचेगी। इस अवसर पर साईं समिति द्वारा भंडारा रखा गया है। वहीं, शाम को संगीतमय महा आरती की जाएगी।रात्रि में मशहूर छत्तीसगढ़ के कलाकार विवेक शर्मा भजन की प्रस्तुति देंगे।



## ग्राम बरगा में हुई शिव जी की विशेष पूजा

**बेमेतरा।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव मंदिर बरगा में शिवपूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की। आयोजन में विशेष रूप से पीलूराम साहू एवं युक्ति साहू ने मुख्य भूमिका निभाई। जबकि समस्त साहू परिवार ने सह-आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। संध्या काल में मानस मंडली गोपालपुर द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इसमें संगीतमय रामचरित मानस की अनुपम प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु भक्तों ने भजन-कीर्तन में झूमते हुए भगवान शिव का गुणगान किया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने महादेव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### शहर की श्री राम सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन

# श्री राम रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भजन कार्यक्रम, देर रात तक झूमे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर की श्री राम सेवा समिति द्वारा संचालित श्री राम रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने एवं महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह व भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री राम सेवा समिति बेमेतरा द्वारा 1 वर्ष पूर्व शुरू की गई श्री राम रसोई जहाँ अमीर और गरीब में कोई भेदभाव नहीं किया जाता। बेमेतरा नगर के और आसपास के हर जरूरतमंद व्यक्तियों को भरपेट भोजन प्राप्त होता है। इसमें भोजन की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। भोजन पकने के बाद सर्वप्रथम भगवान श्रीरामचंद्र जी को भोग लगाया जाता है।

भोग लगने के बाद फिर यह भोजन प्रसाद बन जाता है। वहीं, भोजन प्रसाद लोगों में बाँटा जाता है। आज से ठीक 1 वर्ष पहले 100 व्यक्तियों को भोजन खिलाने से शुरू हुआ यह श्री राम रसोई में अब तक एक वर्ष पूर्ण होने तक एक लाख 6 हजार व्यक्ति भोजन कर चुके हैं। सम्मान समारोह के साथ ही भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक पलाश शर्मा के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गयी। सभी श्री रामरसोई में भोजन प्रसाद ग्रहण कर भजन का आनंद लिए। इस सम्मान समारोह एवं भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवकुमार पाठक श्री मंदिर के पुजारी, डॉ अवधेश पटेल समाधान कॉलेज के डायरेक्टर, अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, बृजमोहन शर्मा, रामप्रताप मिश्र उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा को किया गया सम्मानित

सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला अकोला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा को सम्मानित किया गया। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य कर रही हैं। कोरोना काल में शिक्षा ही नहीं अपितु समाज के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य की है। 75 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग होते हुए भी अपने पूरे दायित्व व जिम्मेदारी को बखूबी निभाती हैं। नवाचारी शिक्षिका के रूप में पूरे जिले में पहचान बना चुकी हिम कल्याणी को 2024 में शासन ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया है।

# जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



- ग्राम मुरता में आयोजित शिव महापुराण कथा का हुआ समापन

मुख्यालय नवागढ़ से महज 03 किमी दूर ग्राम मुरता में 18 फरवरी से आयोजित शिवपुराण कथा का समापन महाशिवरात्रि को पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिवपुराण के कथा वाचक पंडित रामप्रताप शास्त्री कोविद के सानिध्य में संपन्न किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। कथा वाचक पंडित शास्त्री ने अंतिम दिन की कथा सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवाँछित फल देने वाले हैं। कथावाचक पंडित शास्त्री ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है।

### धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से विश्व का कल्याण होता है : मधु

इस दौरान क्षेत्र की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी कथा श्रवण के लिए पहुँची। उन्होंने व्यासपीठ का नमन कर कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से विश्व का कल्याण एवं क्षेत्र में खुशहाली बनी रहती है। उन्होंने आयोजनकर्ताओं को इसके लिए सराहा। मधु ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो आशीर्वाद और जिम्मेदारी दी है उसके लिए वे पूरी लगन व निष्ठा से काम करेंगी। पूरी ईमानदारी से एक जनप्रतिनिधि के दायित्व के निर्वहन का प्रयास होगा। इस अवसर पर महादेव साहू, सहावीर साहू, पुहूप राम साहू, हेमंत कुमार साहू, मुन्ना साहू, हीराराम साहू, धनवार साहू, तुकुश रजक, निरंजन रजक, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक की कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान के दर्शन करने जा रहे युवकों को पूर्व विधायक को एयरपोर्ट से लाने जा रही गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुर निवासी नरेंद्र साहू 19 वर्ष और सूरज साहू 16 वर्ष अपने बाइक से भूतेश्वर महादेव के दर्शन के लिए गरियाबंद जा रहे थे वहीं दूसरी ओर से बालोद के पूर्व विधायक प्रीतम साहू को लेने ड्राइवर और सुरक्षाकर्मी माना एयरपोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान माना बस्ती से पहले सिग्नल के पास जबरदस्त टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों युवकों के पैर फैक्चर हो गए तो वहीं कार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल के परिजनों का कहना है कि कार इतनी स्पीड में थी, कि पीछे बैठा सूरज साहू उछलकर डिवाइडर के दूसरी ओर जा गिरा। जिसे आनन–फानन में पचपेड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची माना पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, यह कार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संजारी बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम साहू की है।

### ट्रक में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

**बालोद।** मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे धमतरी–जगदलपुर नेशनल हाईवे पर जगतरा टोल के पास जगदलपुर की ओर से आ रहे ट्रक का पिछला टायर फटने से ट्रक में आग लग गई।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## सिरपुर में की गयी शिवलिंग की स्थापना



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में शिव चौक पर ग्रामवासियों तथा ओमप्रकाश साहू व परिवार के सहयोग से महाशिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग की स्थापना की गई। पंडित प्रमोद तिवारी मंगचुवा द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर शिवलिंग को विराजित किया गया। मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश साहू सपत्नीक उपस्थित थे। इसके लिए माहभर पूर्व से मंदिर निर्माण की तैयारी की जा रही थी। रात्रि में ग्रामवासियों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें ओम प्रकाश साहू, वीरेंद्र साहू, नरेश कुमार साहू, घनश्याम सिंह, मूलचंद राणा, बिहारी साहू, रामकुमार रावटे, कीर्तन साहू, सालिक, टेकराम सहित ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

9 दिन
19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884

नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport